तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री से.
न्यूनतम 28.0 डिग्री से.

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शुक्रवार 31 जुलाई 2026

12 अनुसूचित जाति व जनजाति के लोगों....



12 बच्चों ने कविता, भाषण, पठन एवं लेखन...






## खबर संक्षेप

### रेलगाड़ी की चपेट में आने से अज्ञात की मौत

**जींद।** शर्मा नगर के पास रेलगाड़ी की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर रेलवे थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। मृतक के पास से ऐसा कुछ नही मिला है, जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। रेलवे पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया है। मृतक की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष है। दाहिनी बाजू पर अंग्रेजी में आरएस लिखा हुआ है। मृतक ने क्रीम कलर की छापेदार कमीज व नीले रंग की जींस पहनी हुई है।

### पिकअप की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

**जींद।** गांव थुआ से किठाना रोड पर तेजरफ्तार पिकअप गाड़ी की टक्कर से स्कूटी सवार व्यक्ति की मौत हो गई। अलेवा थाना पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर फरार गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव छात्तर निवासी मांगेराम स्कूटी पर सवार होकर गांव किठाना बस अड्डे पर जा रहा था। गांव थुआ से निकलते ही सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी ने स्कूटी को टक्कर मार दी। जिसमें मांगेराम गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर चालक गाड़ी समेत मौके से फरार हो गया।

### ट्रैक्टर से खड़ी फसल नष्ट करने पर केस

**जींद।** गांव दनौदा खुर्द में जमीन पर जबरन कब्जा करने की कोशिश करने तथा फसल को नष्ट करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने दस लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव दनौदा खुर्द निवासी विक्रांत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पिता मोतीलाल पिछले लगभग 35 साल से पांच एकड़ नजुल भूमि को काश्त करते आ रहे हैं। जिसमे साढ़े तीन एकड़ भूमि में बाजरे की फसल तथा डेढ़ एकड़ भूमि में मूंग फसल की बिजाई की हुई थी।

### रंजिशन मां व बेटे पर जानलेवा हमला किया

**जींद।** गांव पिंडारा में रंजिशन हमला कर मां व बेटे को घायल करने पर सिविल लाइन थाना पुलिस दर्जनभर लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पिंडारा निवासी महेंद्र ने शिकायत में बताया कि उनकी सुरेंद्र परिवार से रंजिश चली आ रही है। सुरेंद्र परिवार ने रास्ते में उस पर तेजधार हथियारों से हमला कर दिया। आरोपितों ने उन पर ईंट भी फैंकी। जिसमें उसकी मां को गंभीर चोटें आई। सिविल लाइन थाना पुलिस ने महेंद्र की शिकायत पर केस दर्ज किया है।

### अफीम बरामदगी मामले में सप्लायर गिरफ्तार

**कैथल।** 21 किलो 580 ग्राम अफीम बरामदगी मामले की जांच एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एसआई जय भगवान की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव सरायगढ़ जिला सपौल बिहार निवासी पप्पू कुमार को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 28 जून को एंटी नारकोटिक सैल के एसआई बलराज सिंह की टीम द्वारा एक गुप्त सूचना के आधार पर गांव चंदाना के पास बाईपास पर नाकाबंदी कर एक एक्सेंट गाड़ी से गांव रहिशपुर जिला गाजियाबाद यूपी निवासी कपिल कुमार को काबू किया गया था।

## प्रधानमंत्री के स्वच्छता संदेश को साकार करने की दिशा में नप की बड़ी पहल

# डिप्टी स्पीकर ने स्वच्छ जींद के लिए 57 वाहनों को दिखाई झंडी

### नगर परिषद का जींद को साफ-सफाई व्यवस्था में प्रदेश के अग्रणी शहरों की श्रेणी में लाना लक्ष्य

### जन सहयोग के बगैर किसी भी शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना असंभव



**जींद।** कचरा कलेक्शन वाहनों को हरी झंडी दिखा कर रवाना करते हुए डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा। *फोटो :हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि जींद दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शहरवासियों से स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने तथा नियमित सफाई व्यवस्था बनाए रखने का आह्वान किया था। प्रधानमंत्री के इसी संदेश को धरातल पर उतारने के लिए नगर परिषद ने शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम उठाया है। हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डा. कृष्ण मिड्ढा गुरूवार को नगर परिषद द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कूड़ा उठान कार्य में लगाए जाने वाले 57 वाहनों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नही बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व भी है। जन सहयोग के बिना किसी भी शहर को पूरी तरह स्वच्छ और सुंदर नहीं बनाया जा सकता।

डा. मिड्ढा ने कहा कि शहर के प्रत्येक वार्ड से समय पर कूड़ा उठान सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक संसाधनों से युक्त 57 वाहनों का संचालन किया जाएगा। इन वाहनों के माध्यम से घर-घर से कूड़ा एकत्रित करने, निर्धारित स्थानों तक पहुंचाने तथा शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को नियमित बनाए रखने का कार्य प्रभावी ढंग से किया जाएगा। इससे न केवल शहर की स्वच्छता व्यवस्था में सुधार होगा बल्कि आम नागरिकों को भी बेहतर एवं स्वच्छ वातावरण उपलब्ध होगा। डिप्टी स्पीकर ने नागरिकों से अपील करते कहा कि वे कूड़ा खुले स्थानों, सड़कों, नालियों अथवा सार्वजनिक स्थलों पर न फेंकें, केवल नगर परिषद के निर्धारित वाहनों में ही कूड़ा डालें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक यदि अपने घर, गली और मोहल्ले की स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी निभाए तो जींद को प्रदेश के सबसे स्वच्छ शहरों में शामिल किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि नगर परिषद का लक्ष्य जींद को साफ.-सफाई व्यवस्था में प्रदेश के अग्रणी शहरों की श्रेणी में लाना है। इसके लिए नियमित मॉनिटरिंग, समयबद्ध कूड़ा उठान, बेहतर संसाधनों का उपयोग तथा आमजन की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। विश्वास व्यक्त किया कि प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, सफाई कर्मचारियों और शहरवासियों के सामूहिक प्रयासों से जींद स्वच्छता के क्षेत्र में नई पहचान बनाएगा। इस अवसर पर नगर परिषद की चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी ने कहा कि शहर में सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सभी वाहनों का रूटवार संचालन किया जाएगा ताकि किसी भी क्षेत्र में कूड़ा उठान का कार्य प्रभावित न हो। साथ ही सफाई व्यवस्था की नियमित निगरानी भी की जाएगी, जिससे नागरिकों को बेहतर सेवाएं मिल सकें।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डीसी डा. वैशाली शर्मा, डीएमसी अनिल दून, नगर परिषद की चेयरपर्सन डॉ अनुराधा सैनी, ईओ सुशील भुक्कल, पार्षद बलवंत सिंहमार, राममेहर, सियाराम, सतीश हरियाणवी, मुकेश चहल, गुलशन आहुजा, हरीश अरोड़ा समेत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



करनाल रोड फतेहपुर स्थित मकान में चोरी के बाद बिखरा सामान दिखाती महिला।

# फतेहपुर में चोरों का आतंक घर से 8.50 लाख की चोरी

### मंगलवार रात को दस दुकानों के शटर तोड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

फतेहपुर क्षेत्र में चोरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक रात पहले क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर करीब 10 दुकानों के शटर तोड़कर हजारों की नकदी चोरी करने की घटना से व्यापारी अभी उबर भी नहीं पाए थे कि अब चोरों ने मकान को निशाना बनाकर करीब 8.50 लाख के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है और पुलिस की रात्रि गश्त पर भी सवाल उठने लगे हैं। करनाल रोड फतेहपुर में विधायक के कार्यालय के निकट रहने वाली बिमल पत्नी सुखबीर सिंह ने पुलिस चौकी में दी शिकायत में बताया कि वह पिछले 3 वर्षों से अपने परिवार के साथ उक्त मकान में रह रही हैं। 29 जुलाई की रात करीब 12 बजे के बाद अज्ञात चोर मकान के पीछे की खिड़की से अंदर घुस गए। सुबह परिवार की आंख खुली तो पीछे की खिड़की खुली हुई थी और कमरे में रखी अलमारी के ताले टूटे मिले। सामान की जांच करने पर अलमारी से सोने-चांदी के जेवरात और नकदी गायब मिली। शिकायत के अनुसार चोर करीब 5 तोला सोना, जिसमें सोने का सेट, मंगलसूत्र, कोके, नथ और मांगटीका शामिल हैं, अपने साथ ले गए। इसके अलावा करीब 370 ग्राम चांदी के जेवर, जिनमें पाजेब, अंगूठियां, चेन, सिक्के, सेट, चुगटी और हाथफूल शामिल हैं, भी चोरी कर लिए गए। चोर 30 हजार रुपये की नकदी भी ले गए। चोरी हुए सामान की कुल कीमत लगभग 8.50 लाख रुपये बताई गई है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि जेवरात के बिल उनके पास नहीं हैं, लेकिन फोन में उनकी तस्वीरें मौजूद हैं, जिनसे पहचान की जा सकती है। लगातार दूसरे दिन चोरी की वारदात सामने आने से क्षेत्र के लोगों में रोष है। लोगों का कहना है कि एक रात पहले बाजार में कई दुकानों को निशाना बनाया और अब रिहायशी मकान में चोरी होने से आम नागरिक भी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।




**जींद।** मांगों को लेकर प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी करते कर्मचारी।

### सरकारी कर्मियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**जींद।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर गुरूवार को विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों को लेकर रोष जताया और नारेबाजी की। प्रदर्शन की अध्यक्षता सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान संजीव ढांडा ने की। मंच संचालन जिला सचिव सन्नी पटवारी ने किया। बाद में सीटीएम मोनिका को ज्ञापन सौंप कर मांग की गई कि कोर्ट के आदेशानुसार कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए। पुरानी पेंशन योजना बहाल किया जाए। जोखिम भत्ता लागू किया जाए। डीसी रेट कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि की जाए तथा निजीकरण की नीतियों को लागू न किया जाए। प्रदर्शन को संबोधित करते राज्य महासचिव जैरनल सिंह, बिजली कर्मचारी संघ के राज्य प्रधान सुरेश राठी तथा सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की राज्य सहसचिव सुनीता कालीरामना ने कहा कि यह प्रदर्शन किसी एक विभाग या संगठन का नही बल्कि हर कर्मचारी के सम्मान, अधिकार और भविष्य की लड़ाई है। किसी को ताउम्र कच्चा रखना कहां का न्याय है। इसलिए जब तक कच्चे कर्मचारी पक्के नहीं हो जाते, तब तक सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा यूं ही सड़कों पर कर्मचारियों व आम जनता की लड़ाई लड़ता रहेगा। उन्होंने एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद रखने तथा आने वाली पीढ़ियों के अधिकारों की रक्षा करने का आह्वान किया। बिजली विभाग के राज्य प्रधान ने भी कहा कि हम अपने विभाग में हड़ताल करेंगे और एग्री डिस्कॉम और स्मार्ट मीटर को लेकर और सर्व कर्मचारी संघ के साथ मिल कर रोष व्यक्त करेंगे। सुनीता कालीराम ने कहा कि सरकार लगातार कच्चे कर्मचारियों की आंदेखी कर रही है लेकिन हम मिलकर संघर्ष करेंगे। विक्रम, संदीप, कमल सैनी, संजय गिल, मनदीप, सतीश शर्मा, देवेंद्र, रमेश, मनदीप नेहरा, संदीप पूनिया, राजेश आदि मौजूद रहे।

### बारिश से किसानों के चेहरे खिले, शहर की फुली सांसें

**नरवाना।** नरवाना में श्रावण मास की शुरुआत हुई झमाझम बारिश के साथ, किसानों के चेहरे पर आई रोणक। किसानों ने उनके खेतों में धान की फसल की बुआई की हुई है जो पानी की कमी की वजह से सुखने के कगार पर पहुंच गई थी, श्रावण मास के पहले दिन की बरसात से उनके चेहरे पर रौनक लौटी है। सम्पर्क सुत्रो से मिली जानकारी के अनुसार नरवाना में लगभग 40 से 42 एम एम बरसात रिकॉर्ड की गई है। पंजाब से सटे गांवों में बरसात न के बराबर हुई है। लेकिन दूसरी ओर शहर वालों की फुली सांस,पुरा शहर हुआ जलमग्न हो गया है, बरसात के बाद पुरे शहर में 2-3 फुट पानी भर गया है और लोगों के बाइक ,स्कुटी बीच पानी में बंद हो रही है और उनको पैदल खींच कर बाहर निकालना पड रहा है। शहर वासी तो बरसात से परेशान हैं क्योंकि बिजली भी कट चुकी है, बिजली कब तक बहाल होंगी कुछ कहा नहीं जा सकता। दूसरी ओर किसान बरसात से खुश नजर आ रहे हैं।उनकी धान की फसल लहलहा उठेगी।




**जींद।** बरसात के पानी से भरी लबालब शहर की गलियां और सड़कें।



संडील में ट्रैक्टर की सहायता से अवैध कब्जा हटवाता जिला प्रशासनिक अमला।

### पंचायती खेत की जमीन से हटवाया अवैध कब्जा

**अलेवा।** एसडीएम उचाना के आदेशानुसार जिला प्रशासनिक अमले ने वीरवार को संडील गांव में करीब दो एकड़ में छह लोगों द्वारा खेत की पंचायती जमीन पर किए अवैध कब्जे को ट्रैक्टर की सहायता से हटवा दिया है। टीम का नेतृत्व अलेवा पंचायती राज एसडीओ विकास पानू तथा बीडीपीओ अलेवा जयपाल ने किया। अलेवा पंचायती राज एसडीओ विकास पानू ने बताया कि संडील गांव के सतबीर तथा चांदी ने गांव के ही करीब छह लोगों पर पंचायती खेत की करीब दो एकड़ में किए अवैध कब्जे की शिकायत उचाना एसडीएम को दी थी। उक्त लोगों का आरोप था कि गांव के ही छह लोगों द्वारा करीब 25-30 साल से दो एकड़ में पंचायती खेत की जमीन पर अवैध कब्जा किए हुए हैं। मामले को लेकर उचाना एसडीएम ने पंचायती खेत की जमीन से अवैध कब्जा हटवाने के आदेश दिए थे। एसडीएम के आदेशानुसार जिला प्रशासनिक अमले ने वीरवार को पुलिस बल की सहायता से गांव के ही छह लोगों द्वारा करीब दो एकड़ में पंचायती खेत की जमीन पर किए अवैध कब्जे को ट्रैक्टर की सहायता से हटवा दिया है।

### सफीदों की महिला का रोहतक में एक साल तक यौन शोषण

**जींद।** शहर थाना सफीदों इलाके की महिला का रोहतक में एक साल तक तीन लोगों द्वारा यौन शोषण करने का मामला सामने आया है। शहर थाना सफीदों पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर तीनों आरोपितो के खिलाफ यौन शोषण करने धमकी देने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जीरो एफआईआर रोहतक पुलिस को भेज दी है। शहर थाना सफीदों इलाके की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वर्ष 2022 में वह माता दरवाजा रोहतक के पास रहती थी। एक जनवरी 2022 से 31 दिसंबर 2022 तक माता दरवाजा निवासी हरजीत, संदीप तथा मुरली ने उसका यौन शोषण किया। जब भी वह विरोध करती तो आरोपित उसे बुरा अंजाम भुगतने की धमकी देते। उसके यौन शोषण का एक साल तक जारी रहा। आरोपितों से परेशान हो कर वह घर लौट आई। आरोपित ने फिर भी उसे परेशान करना जारी रखा हुआ है।

## रोहतक रोड बाईपास से आगे जरूरत के अनुसार नही बनाए बरसाती चैंबर

# अमरूत योजना अधूरी, आखिर कैसे निकलेगा बरसाती पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** नई अनाज मंडी के सामने वाली लाइन में एक भी बरसाती चैंबर नहीं है।

जींद शहर में करोड़ों रुपये की लागत से लागू की गई अमरूत योजना के बावजूद अनेक स्थानों पर बरसाती जल निकासी के लिए आवश्यक चैंबर नहीं बनाए गए हैं। इसका परिणाम यह है कि हर वर्ष बारिश के दौरान शहर के कई हिस्सों में जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती है। जिससे आम नागरिकों, दुकानदारों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अब बारिश का सीजन शुरू है। ऐसे में जरा सी बारिश ही आमजन के लिए परेशानी का सबब बन जाएगी। रोहतक रोड बाईपास के आगे नई अनाज मंडी गेट के सामने वाली लाइन में भी बरसाती चैंबर नही है। बरसाती चैंबर का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। इन स्थानों पर चैंबर न होने के कारण प्रत्येक बारिश में सड़क पर लंबे समय तक पानी जमा रहता है, जिससे दुकानदारों का कारोबार प्रभावित होता है और राहगीरों व वाहन चालकों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ती है। अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रधान डा. राजकुमार गोयल ने इस गंभीर जनसमस्या को उठाते हुए जिला प्रशासन से मांग की है कि शहर में जहां-जहां बरसाती चैंबर नहीं बनाए गए हैं वहां प्राथमिकता के आधार पर उनका निर्माण कराया जाए। गोयल ने बताया कि अमरूत योजना के तहत वर्षों पहले सीवरेज पाइप लाइन तो बिछा दी लेकिन कई स्थानों पर बरसाती जल निकासी के लिए आवश्यक चैंबर नहीं बनाएं।

#### शीघ्र निर्माण कार्य शुरू कराया जाए

जिला प्रशासन को चाहिए कि पूरे शहर का सर्वे कराकर जहां-जहां बरसाती चैंबरों की कमी है, वहां शीघ्र निर्माण कार्य शुरू कराया जाए। उन्होंने विशेष रूप से रोहतक रोड स्थित नई अनाज मंडी गेट के सामने बरसाती चैंबर का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर कराने की मांग की है ताकि वर्षों से चली आ रही जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि यह किसी एक क्षेत्र का नही बल्कि जनहित का विषय है। यदि प्रशासन समय रहते इस दिशा में प्रभावी कदम उठाता है तो हजारों नागरिकों व्यापारियों व राहगीरों को राहत मिलेगी।



**जींद।** वर्क सस्पेंडर कर बैठे अधिवक्ता। *फोटो :हरिभूमि*

### विरोध में वकीलों ने चौथे दिन भी रखा वर्क सस्पेंड

**जींद।** लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के विरोध मे चौथे दिन वीरवार को भी अधिवक्ताओं ने वर्क सस्पेंड रखा। अधिवक्ताओं के कोर्ट मे पेश न होने पर अगली तारीख दे दी गई। अधिवक्ताओं के वर्क सस्पेंड किए जाने कारण तारीख पर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जिला बार एसो के अधिवक्ता भूपेंद्र देशवाल और अधिवक्ता सुशील वशिष्ठ ने कहा कि इन सभी संस्थाओं का मूल उद्देश्य केवल न्याय करना है लेकिन व्यावहारिक रूप से पुलिस और अभियोजन पक्ष पर सजा की दरकनविक्शन रेट बढ़ाने का भारी दबाव रहता है। जिससे पूरी प्रणाली का झुकाव अक्सर आरोपी को दोषी ठहराने की ओर दिखने लगता है। अधिवक्ता सुशील वशिष्ठ ने कहा ऐसे में जब लीगल एड सिस्टम के तहत आरोपी का बचाव करने वाला वकील भी राज्य का ही वेतनभोगी कर्मचारी बन जाता है तो हितों का गंभीर टकराव पैदा होता है। जो राज्य आरोपी पर मुकद्मा चला रहा है।

## खबर संक्षेप

### मुनीश अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश संयुक्त सचिव बने

**नरवाना।** अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेशाध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने मुनीश गुप्ता को उनकी बेहतरीन सामाजिक गतिविधियों को देखते हुए प्रदेश संयुक्त सचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी। नवनियुक्त प्रदेश संयुक्त सचिव मुनीश गुप्ता ने अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला व रोशन लाल गोयल का आभार व्यक्त करते कहा कि समाज ने मुझे जो यह जिम्मेवारी सौंपी है, उसे मैं बखूबी निभाऊंगा तथा संगठन को मजबूत करने के लिए जी-जान से कार्य करूंगा।

### अनाज के महत्व को लेकर कार्यक्रम

**जींद।** स्थानीय महाराजा अग्रसेन कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली और संतुलित आहार के प्रति जागरूक करने के लिए अनाज के महत्व विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को गेहूं, चावल, बाजरा, ज्वार और रागी जैसे पारंपरिक अनाजों के पोषण मूल्य के बारे में बताना था। शिक्षकों ने बताया कि अनाज हमारे भोजन का आधार हैं और इनमें कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, फाइबर, लोहा व कैल्शियम भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं जो बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए जरूरी हैं।

### पात्र व्यक्ति वोट से न रहें वंचित : एसडीएम

**जींद।** निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं सफीदों एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने वीरवार को लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में सफीदों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 35 के विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों एवं बीएलए 1 के साथ बैठक आयोजित की। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 31 जुलाई को मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। सभी मतदाता अपने क्षेत्र के बीएलओ के पास जाकर अपना नाम वोटर लिस्ट में चेक कर सकते हैं। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रधानों, सचिव एवं विशेष रूप से बीएलए 1 से अपील की कि 31 जुलाई से 30 अगस्त तक दावे एवं आपत्तियों को दूर किया जाएगा।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** सफीदों से कालेज के लिए निकली युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर पर शहर थाना सफीदों पुलिस ने अज्ञात लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सफीदों निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 23 जुलाई को उसकी बेटी घर से कालेज के लिए निकली थी। जिसके बाद उसकी बेटी घर वापस नही लौटी। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा। शहर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### 66 बोतल शराब व 4 लीटर लाहण के साथ तीन दबोचे

**जींद।** जिला पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से तीन लोगों काबू कर उनके कब्जे से 66 बोतल शराब तथा चार लीटर लाहण बरामद की है। संबंधित थाना पुलिस आरोपितो से पूछताछ कर रही है। थाना गढ़ी थाना पुलिस ने गांव धमतान साहिब निवासी अजय को काबू कर उसके कब्जे से 48 बोतल शराब बरामद की है। वहीं शहर थाना पुलिस जींद ने लोको कालोनी निवासी गुरमीत को काबू कर उसके कब्जे से 18 बोतल शराब बरामद की है।

### रीएपीयर विद्यार्थी विवि में प्रोविजनल प्रवेश ले सकेंगे

**जींद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा लंबे समय से उठाई जा रही मांग को स्वीकार करते सीआरएसयू प्रशासन ने निर्णय लिया है। विवि द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार अब स्नातक स्तर पर रीएपीयर रखने वाले विद्यार्थी, अन्य सभी पात्रता शर्तें पूरी करने पर दो वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रोविजनल प्रवेश ले सकेंगे। एबीवीपी सदस्य रोहन सैनी ने बताया कि वीसी को ज्ञापन सौंपकर मांग की थी कि कुविवि व चौधरी बंसीलाल विवि की तर्ज पर सीआरएसयू में भी रीएपीयर को पीजी में प्रोविजनल प्रवेश दिया जाए।

## सीटीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय निगरानी एवं संचालन समिति की बैठक

# अनुसूचित जाति व जनजाति के लोगों के अधिकारों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

### पीड़ितों को समय पर राहत उपलब्ध कराने को लेकर विस्तार से चर्चा की

**सीटीएम ने गैर सरकारी सदस्यों की मांग पर उनके परिचय पत्र बनाने के निर्देश दिए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों पर होने वाले अत्याचारों की रोकथाम तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियमों के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय निगरानी एवं संचालन समिति की बैठक गुरुवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में सीटीएम मोनिका रानी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सीटीएम ने गैर सरकारी सदस्यों की मांग पर उनके परिचय पत्र बनाने के निर्देश दिए तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों को कहा कि चालान संबंधित जो भी कार्य है उन्हे समयबद्ध तरीके से भिजवाया जाए और जिन केसों की रिपोर्ट अभी तक नही आई है, उनके लिए औपचारिकताएं पूरी कर उन पर कार्य करें। इस अवसर पर जिला कल्याण अधिकारी दिपिका सारसर तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों के अलावा कमेटी के गैर सरकारी सदस्य उपस्थित रहे।



जींद। बैठक की अध्यक्षता करते सीटीएम मोनिका। फोटो :हरिभूमि

#### समयावधि में कार्रवाई सुनिश्चित की जाए

बैठक को संबोधित करते हुए सीटीएम मोनिका रानी ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बनाए गए अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम का उद्देश्य समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों को सुरक्षा प्रदान करना तथा उनके साथ होने वाले अत्याचारों पर प्रभावी अंकुश लगाना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिनियम के तहत दर्ज मामलों में पूरी संवेदनशीलता, निष्पक्षता एवं निर्धारित समयावधि में कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक के दौरान अधिकारियों द्वारा समिति के समक्ष जिले में अधिनियम के तहत दर्ज मामलों, उनकी वर्तमान स्थिति, पीड़ितों को प्रदान की गई आर्थिक सहायता, पुनर्वास संबंधी प्रावधानों तथा लंबित मामलों की समीक्षा प्रस्तुत की गई। साथ ही मामलों के शीघ्र निस्तारण एवं पीड़ितों को समय पर राहत उपलब्ध कराने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

#### संशोधनों की विस्तृत जानकारी भी दी

समिति के सदस्यों को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियमों तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों एवं संशोधनों की विस्तृत जानकारी भी दी । अधिकारियों ने बताया कि अधिनियम के तहत पीड़ितों को कानूनी सहायता आर्थिक सहायता, सुरक्षा तथा पुनर्वास जैसी विभिन्न सुविधाएं प्रदान करने का प्रावधान है। कहा कि किसी भी प्रकार के जातिगत भेदभाव, उत्पीडन अथवा अत्याचार की शिकायत मिलने पर प्रशासन द्वारा तत्काल कार्रवाई की जाती है। सीटीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभागों के माध्यम से अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों को उनके अधिकारों तथा सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के प्रति अधिक से अधिक जागरूक करें ताकि पात्र व्यक्ति इन योजनाओं का पूरा लाभ उठा सकें। कहा कि सामाजिक समरसता, समानता एवं न्याय की भावना को मजबूत बनाने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

#### आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया

बैठक में जिला स्तरीय निगरानी एवं संचालन समिति के गैर .सरकारी सदस्यों ने अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन, पीड़ितों को त्वरित न्याय एवं समाज में जागरूकता बढ़ाने संबंधी अपने सुझाव रखे। समिति द्वारा सुझावों पर सकारात्मक चर्चा करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया गया। बैठक के दौरान अधिकारियों द्वारा समिति के समक्ष जिले में अधिनियम के तहत दर्ज मामलों, उनकी वर्तमान स्थिति, पीड़ितों को प्रदान की गई आर्थिक सहायता, पुनर्वास संबंधी प्रावधानों तथा लंबित मामलों की समीक्षा प्रस्तुत की गई। साथ ही मामलों के शीघ्र निस्तारण एवं पीड़ितों को समय पर राहत उपलब्ध कराने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि अधिनियम के तहत पीड़ितों को कानूनी सहायता आर्थिक सहायता, सुरक्षा तथा पुनर्वास जैसी विभिन्न सुविधाएं प्रदान करने का प्रावधान है।



पदक जीतने वाले इंडस ग्लोबल अकादमी किनाना के विद्यार्थी।

### जिला स्तरीय टेबल टेनिस में इंडस ग्लोबल अकादमी की छात्राओं ने जीते दो रजत पदक

**जींद।** इंडस ग्लोबल अकादमी की छात्राओं ने जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते अंडर 14 और अंडर 19 बालिका वर्ग की टेबल टेनिस प्रतियोगिताओं में द्वितीय स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। अंडर 14 बालिका वर्ग में काव्यांजलि, राखी और नाविका की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं अंडर 19 बालिका वर्ग में मावी, तनिषा और प्राजल ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि पर इंडस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के कोर्डिनेटर प्रवीण परूथी, इंडस ग्लोबल अकादमी के प्राचार्य डा. संजीव तायल और हैडमास्टर जेएस सारंग ने सभी छात्राओं और उनके प्रशिक्षकों को बधाई दी।

### रा.मॉडल संस्कृति विद्यालय डिफेंस कॉलोनी ने क्रिकेट प्रतियोगिता में पाया पहला स्थान

**जींद।** राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय डिफेंस कॉलोनी जींद ने जिला स्तरीय स्कूल प्रतियोगिता के क्रिकेट 14 वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम के कोच विवेक कुमार ने बताया कि विद्यालय के खिलाड़ियों ने ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता के जीतने के पश्चात जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भी बेहतरीन प्रदर्शन करते विजय प्राप्त की। स्कूल में पहुंचने पर टीम का पूरे जोर-शोर से स्वागत किया गया। प्राचार्य नरेंद्र खटकड़ ने इस जीत का श्रेय खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और विद्यालय के डीपीई विवेक कुमार को दिया। प्राचार्य ने बताया कि अब टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता टीम में छह छात्रों का चयन हुआ है। प्रिंस मलिक, जतिन शर्मा, दियांश, मोक्ष, आशीष अहलावत ओर संसार कोच विवेक के मार्गदर्शन में आगे भी अच्छा प्रदर्शन करेगी। डा. बजरंग, डा. रामकेश दलाल, सविता, सोनिया सांगवान, राजेश शास्त्री, सुनील शर्मा मौजूद रहे।




जींद। प्रतियोगिता में विजेता रही टीम। फोटो :हरिभूमि



वेदांता स्कूल के विधार्थी उनके कोच और निदेशक प्रदीप नैन के साथ।

### वेदांता स्कूल का खेलों में शानदार प्रदर्शन

**नरवाना।** वेदांता इंटरनेशनल स्कूल, कलौदा खुर्द के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में कराटे, शतरंज एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। प्रधानाचार्या वीणा डारा ने प्रातःकालीन सभा में सभी विजेता विद्यार्थियों के परिणामों की घोषणा करते उन्हें हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि विद्यालय के लिए अत्यंत गौरव का विषय है और यह अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी। कराटे में अंडर-14 वर्ग में योवन ने स्वर्ण पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि गौरव, जतिन एवं आदित्य ने रजत पदक अपने नाम किए। अंडर-17 वर्ग में तेजन, लक्ष्य, जतिन, शुभम, आशु एवं नवीन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते, वहीं कुणाल, रक्षित एवं पुलकित ने रजत पदक प्राप्त किए।



जींद। पौधरोपण करते हुए डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा। फोटो :हरिभूमि

### शहर की फिजा बदलने के लिए लगाएं पौधे : डा. मिड्ढा

**जींद।** हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि स्वच्छ एवं हरित वातावरण ही स्वस्थ समाज की सबसे बड़ी पहचान है। यदि हमें अपने शहर की फिजा को स्वच्छ, शुद्ध और प्रदूषण मुक्त बनाना है तो अधिक से अधिक पौधारोपण करना होगा। पौधे केवल पर्यावरण को संतुलित नहीं रखते बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी स्वच्छ हवा, हरियाली और बेहतर जीवन का आधार तैयार करते हैं। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा गुरूवार को रेडक्रॉस पार्क में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नागरिकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने स्वयं पौधा लगा कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा लोगों से पौधारोपण अभियान को जन आंदोलन का रूप देने का आह्वान किया। कहा कि वर्तमान समय में बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और लगातार बढ़ता तापमान पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय है। इन चुनौतियों का सबसे प्रभावी और सरल समाधान अधिकाधिक पौधे लगाना है। वृक्ष वातावरण में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाते हैं, कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं, वर्षा चक्र को संतुलित रखने में सहायक होते हैं व जैव विविधता के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### हुकटा ने मांगों को लेकर विस डिप्टी स्पीकर को सौंपा ज्ञापन

**जींद।** हरियाणा विवि अनुबंधित शिक्षक संघ (हुकटा) ने गुरूवार को गांव खरल स्थित भगत फूल सिंह महिला विवि के क्षेत्रीय केंद्र में डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा को ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने मांग की कि आगामी मानसून सत्र में हरियाणा राज्य विवि अनुबंधित लेक्चरर्स सेवा सुरक्षा अधिनियम 2026 को विस से पारित करवाने तथा प्रस्तावित ड्राफ्ट फाइल पर शीघ्र कार्यवाही की जाए। डा. मिड्ढा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वे सीएम के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर तथा उच्चतर शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव से इस विषय पर चर्चा करेंगे और लंबित फाइलों पर शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करवाने का प्रयास करेंगें। कहा कि सरकार विभिन्न वर्गों के अनुबंधित कर्मचारियों के लिए सेवा, सुरक्षा संबंधी कानून बना चुकी है। जबकि विश्वविद्यालयों के अनुबंधित शिक्षक अभी भी इस अधिकार से वंचित हैं।



जींद। टेकराम कंडेला अपने कार्यकर्ताओं के साथ। फोटो :हरिभूमि

### भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी : टेकराम कंडेला

**जींद।** हरियाणा सहकारी श्रम व निर्माण प्रसंग के पूर्व अध्यक्ष व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता टेकराम कंडेला ने कहा है कि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। पार्टी में छोटे से छोटा कार्यकर्ता कीसी भी बड़े पद पर पहुंच सकता है लेकिन ऐसा दूसरी पार्टियों में नहीं है। वहां पर परिवारवाद की राजनीति चलती है। इसलिए भारतीय जनता पार्टी से लोग जुड़ते जा रहे हैं। कंडेला ने गांव रायचंदवाला में शक्ति केंद्र प्रमुखों की मीटिंग में बोलते हुए कहा कि पार्टी के सभी लोगों ने पार्टी को मजबूत बनाने के लिए संकल्प लिया और अधिक से अधिक लोगों को जोडने का काम किया जा रहा है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी किसान, मजदूर, गरीब, आदमी के बीच में रहकर लोगों के सुख व दुख की सभी समस्याओं का हल कर रहे हैं। इसलिए प्रदेश में विपक्षी दलों की लूट और झूठ की सभी दुकानें बंद हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री की बढ़ती हुई लोकप्रियता से विपक्षी दलों के नेता अनाप-श्नाप बयान देकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं लेकिन लोग इस बात को समझ चुके हैं कि भारतीय जनता पार्टी देश हित में काम कर रही है।

## मजबूत नींव, उज्ज्वल भविष्य निपुण हरियाणा मिशन की पांच वर्षीय उपलब्धियों का भव्य उत्सव

# बच्चों ने कविता, भाषण, पठन एवं लेखन गतिविधियों से दिखाई अपनी प्रतिभा

**मिशन से जुड़े प्रत्येक साथी का हृदय से आभार व्यक्त किया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

निपुण हरियाणा मिशन के गौरवशाली पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में जिला एफएलएन कार्यालय, जींद में गुरुवार को उत्साह, गर्व और उल्लास के साथ विशेष समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने अपनी टीम के साथ मिशन की पांच वर्ष की सफल यात्रा का जश्न मनाया। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में मिशन की उपलब्धियों को याद करते हुए सभी ने भविष्य में भी इसी समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने कहा कि निपुण हरियाणा मिशन के पांच वर्ष पूरे होना केवल एक प्रशासनिक उपलब्धि नहीं, बल्कि लाखों बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखने की प्रेरणादायक कहानी है। कहा कि पिछले पांच वर्षों में मिशन के माध्यम से बच्चों में आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (एफएलएन) को मजबूत करने की दिशा में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं, जिनका सकारात्मक प्रभाव विद्यालयों में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि हम सभी के लिए यह अत्यंत गर्व और खुशी का अवसर है। यह सफलता केवल एक मिशन की नहीं, बल्कि हर उस व्यक्ति के समर्पण, मेहनत और विश्वास का परिणाम है, जिसने बच्चों की मजबूत नींव तैयार करने में अपना योगदान दिया है। राजेश वशिष्ठ ने जिला मौलिक शिक्षा विभाग, जींद की ओर से सभी अधिकारियों, विद्यालय मुखियाओं, शिक्षकों, मेंटर्स, खंड एफएलएन समन्वयकों, शैक्षणिक सहयोगियों, अभिभावकों तथा मिशन से जुड़े प्रत्येक साथी का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी के सामूहिक प्रयास, सहयोग और निरंतर समर्पण ने निपुण मिशन को ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। समारोह के दौरान मिशन की पाँच वर्षों की यात्रा से जुड़ी उपलब्धियों पर चर्चा की।



जींद। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा बनाए गए पोस्टर। फोटो :हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### सनातन धर्म महिला महाविद्यालय में लगाए पौधे

**नरवाना।** वीरवार को प्रधानमंत्री के दिशा निर्देशन में चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत एसडी महिला महाविद्यालय प्रांगण में प्राचार्या डॉ अंजना लोहान की अध्यक्षता में एनएसएस वॉलिंटियर्स तथा प्रभारी द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने विभिन्न उपयोगी पौधे लगाए। उदाहरण के लिए सहजन,जामुन, नीम, गुड़हल, पीपल, बेल पत्र, मीठा नीम, बड़ आदि के चिकित्सा में उपयोगी पौधे, फलदार व छायादार पौधे लगाए गए। साथ ही एनएसएस प्रभारी मधु शर्मा तथा अन्य प्रवक्तागणो डॉ अनीता छाबड़ा, डॉ शालू सचदेवा ने भी इस पौधारोपण कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर प्रतिभागिता की। महाविद्यालय को हरा भरा तथा स्वच्छ व स्वास्थ्य वर्धक बनाने के लिए कॉलेज के नॉन टीचिंग स्टाफ व क्लास 4 के कर्मचारियों ने भी पौधे लगाकर अपना महत्वपूर्ण कर्तव्य निभाया।

### वेदा इंटरनेशनल स्कूल में लैंग्वेज लैब का उद्घाटन

**नरवाना।** वेदा इंटरनेशनल स्कूल, नरवाना में छात्रों के भाषा कौशल और संवाद शैली को बेहतर बनाने के उद्देश्य से वीरवार को एक अत्याधुनिक लैंग्वेज लैब का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एचसीएस अधिकारी गुलजार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारियों के सानिध्य में गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि एचसीएस गुलजार मलिक और विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से रिबन काटकर और दीप प्रज्वलित कर की । इसके पश्चात अतिथियों ने नई लैब का निरीक्षण किया और यहाँ उपलब्ध आधुनिक तकनीकी उपकरणों व शिक्षण सॉफ्टवेयर की जानकारी ली। प्रबंध समिति व प्रधानाचार्या ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते कहा कि लैंग्वेज लैब छात्रों को अंग्रेजी व अन्य भाषाओं के उच्चारण, सुनने की क्षमता व संवाद कला में निपुण बनाने में मील का पत्थर साबित होगी।

### छात्रों ने सैनिकों के लिए भेजी 30 हजार राखियां

**जींद।** रक्षा का संकल्प, वीर जवानों के नाम अभियान में विद्यार्थियों का भावपूर्ण योगदान रहा। डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल ने प्राचार्य डा. नीरज कुमार के मार्गदर्शन एवं सानिध्य में राष्ट्रभक्ति, सेवा और संस्कारों का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करते देश के विभिन्न सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात वीर सैनिकों के लिए 30 हजार हस्तनिर्मित राखियां एवं ग्रीटिंग कार्ड भेजे। अभियान का उद्देश्य उन सैनिकों के प्रति सम्मान, प्रेम और कृतज्ञता व्यक्त करना था। जो अपने परिवारों से दूर रहकर देश की सुरक्षा में निरंतर तत्पर रहते हैं। अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका सुशील रेढू, सभी सुपरवाइजर एवं अध्यापकगण ने विद्यार्थियों को सुंदर, आकर्षक एवं भावनाओं से ओतप्रोत राखियां और ग्रीटिंग कार्ड बनाने के लिए प्रेरित किया। छात्रों ने उत्साह, लगन और देशभक्ति की भावना से हजारों राखियां एवं शुभकामना संदेश तैयार किए। विद्यालय सदैव छात्रों को संस्कारयुक्त एवं राष्ट्रहित के कार्यों से जोडने का प्रयास करता रहेगा।

### विद्यार्थियों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**जींद।** हरियाणा सरकार की मुहिम एक पेड़ मां के नाम के तहत छोटू राम किसान कॉलेज में पौधारोपण अभियान चलाया गया। अभियान का संचालन महाविद्यालय के प्राचार्य डा. जगबीर सिंह की देखरेख में किया गया। इस दौरान महाविद्यालय परिसर में पौधे लगाए गए और विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। प्राचार्य डा. जगबीर सिंह ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए सरकार की ओर से किए जा रहे प्रयासों की जानकारी देते कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि पेड़ व पौधे मानव जीवन के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं और इनके संरक्षण से ही आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराया जा सकता है। छात्रों ने पर्यावरण को सुरक्षित रखने व अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया।

### पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया

**जींद।** कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान के तहत एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हिंदू कन्या महाविद्यालय की एनएसएस ईकाई की स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में पौधारोपण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्या डा. पूनम मोर द्वारा पौधा लगाकर किया गया। प्राचार्या ने छात्राओं को अपने संदेश में कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण की सुरक्षा ही नहीं करते बल्कि मानव जीवन के आधार हैं। छात्रों को प्रत्येक पौधे की नियमित देखभाल करने तथा पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया। अभियान के प्रथम दिवस छात्राओं को 250 पौधे वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त छात्राओं के द्वारा महाविद्यालय संकाय के सदस्यों, आसपास के घरों एवं शहर के विभिन्न स्थानों पर पौधे वितरित करके हरियाली बढ़ाने में सहयोग देने के संकल्प को पूरा किया।

### विद्यार्थियों ने लिया पौधों की देखभाल का संकल्प

**जींद।** पर्यावरण संरक्षणए हरित परिसर निर्माण और सतत विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाइयों की ओर से विश्वविद्यालय परिसर और गोद लिए गए गांव में पौधारोपण अभियान चलाया गया। कुलगुरु प्रो. डा. रामपाल सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार की मुहिम एक पेड़ मां के नाम के तहत आयोजित अभियान में करीब 900 पौधे लगाए गए। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक और कार्यक्रम अधिकारियों ने स्वयंसेवकों के साथ गोद लिए गए गांव में पौधारोपण किया। वहीं विश्वविद्यालय परिसर में भी छायादार, फलदार और औषधीय पौधे लगाए गए। अभियान का उद्देश्य परिसर और गांव में हरियाली बढ़ाने के साथ जैव विविधता के संरक्षण को बढ़ावा देना रहा। विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रो. डा. सीमा गुप्ता विशेष रूप से मौजूद रही।

### युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए किया प्रेरित

**जींद।** जिला स्तरीय नशा मुक्त युवा विकसित भारत कार्यक्रम में मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। सामाजिक जागरूकता और राष्ट्र निर्माण के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम का संयोजन हरप्रीत ने किया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित करना और विकसित भारत के निर्माण में उनकी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करना था। नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार अभिनय और प्रभावी संदेश के बल पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने प्रस्तुति के माध्यम से नशे से व्यक्ति, परिवार और समाज पर पडने वाले दुष्प्रभावों को उजागर किया। समूह नृत्य प्रतियोगिता में भी विद्यालय की टीम ने आकर्षक प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान हासिल किया।

### शिक्षा भारती मॉडल स्कूल के विद्यार्थी चमके

**नरवाना।** शिक्षा भारती मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने नरवाना ब्लॉक स्तरीय और जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में विद्यालय के खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट कौशल, अनुशासन एवं खेल भावना का परिचय देते हुए अनेक पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में अंडर-19 वर्ग में जैस्मिन ने 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान तथा लॉन्ग जंप में तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। तेजस ने अंडर-19 कुश्ती प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इसी वर्ग में पूजा ने भी कुश्ती प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट अवसर प्रदान करना है, ताकि उनका शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास समान रूप से हो सके।

### माई भारत पोर्टल पर युवाओं का पंजीकरण करें

**जींद।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत माई भारत पोर्टल पर जिले के अधिकाधिक युवाओं का पंजीकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में एडीसी प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के युवाओं को पोर्टल से जोडने, पंजीकरण अभियान को गति देने तथा सभी संबंधित विभागों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीसी प्रदीप कुमार ने कहा कि माई भारत पोर्टल देश के युवाओं को राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों से जोडने का एक प्रभावी मंच है। इस पोर्टल के माध्यम से युवा स्वयंसेवा, नेतृत्व विकास, कौशल संवर्धन, सामाजिक गतिविधियों, सरकारी अभियानों तथा विभिन्न अवसरों से जुड़ कर अपने व्यक्तित्व का विकास कर सकते हैं।

### समाधान शिविर में एडीसी ने सुनीं जन समस्याएं

**जींद।** लघु सचिवालय के सभागार में एडीसी प्रदीप कुमार ने आमजन की समस्याएं सुनी। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। जिन पर एडीसी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई कर समाधान करने के निर्देश दिए। एडीसी ने कहा कि सरकार की मंशा है कि आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए विभिन्न कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। समाधान शिविर इसी उद्देश्य को पूरा करने का एक प्रभावी माध्यम है, जहां विभिन्न विभागों के अधिकारी एक ही स्थान पर उपस्थित रह कर लोगों की समस्याएं सुनते हैं और उनके समाधान की प्रक्रिया शुरू करते हैं। एडीसी ने विशेष रूप से परिवार पहचान पत्र से संबंधित मामलों पर गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। कहा कि पीपीपी से जुड़ी त्रुटियों के कारण लोगों को कई योजनाओं का लाभ लेने में परेशानी आती है, इसलिए इन मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया।

## खबर संक्षेप

### पशु चोरी मामले में चौथा आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** थाना सदर अंतर्गत क्षेत्र से पशु चोरी मामले की जांच थाना सदर पुलिस के एएसआई जयपाल की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव उझाना जिला जींद निवासी संजय को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव गुहणा निवासी सतपाल की शिकायत अनुसार 12 जनवरी की रात उसके पशु बाडा का ताला तोड़ कर अज्ञात व्यक्ति उसके पशु बाडे से 5 सुअर चोरी करके ले गए थे।

### सरकारी स्कूल से राशन व बर्तन चोरी, काबू

**कैथल।** गांव किठाना स्थित सरकारी प्राथमिक विद्यालय से मिड-डे मील का राशन, बर्तन तथा अन्य सामान चोरी करने के मामले में किठाना चौकी पुलिस के एचसी राजबीर सिंह की टीम द्वारा आरोपी गांव सोंगल निवासी सुरेंद्र कुमार उर्फ सोनू को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जेबीटी अध्यापक कलीराम की शिकायत अनुसार विद्यालय में 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस समारोह संपन्न होने के बाद विद्यालय के नियमों के अनुसार समस्त सामान स्टोर रूम व रसोई में सुरक्षित रखकर विद्यालय बंद कर दिया गया था।

### प्रारम्भिक मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन

**कैथल।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अपराजिता ने बताया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 31 जुलाई 2026 को प्रारम्भिक मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इसके साथ ही मतदाता सूची पर दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। डीसी अपराजिता ने बताया कि प्रारम्भिक मतदाता सूची संबंधित बीएलओ, संबंधित निर्वाचक पंजीयन अधिकारी के कार्यालय, जिला निर्वाचन कार्यालय कैथल, संबंधित तहसील, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर आमजन के अवलोकन के लिए उपलब्ध रहेगी।

### श्री सत्यनारायण व्रत कथा में उमड़ी श्रद्धा

**पूंडरी।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर पंजाबी युवा सभा पूंडरी की ओर से पंजाबी धर्मशाला स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर में भव्य श्री सत्यनारायण व्रत कथा एवं धार्मिक समारोह का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अपने परिवार सहित पहुंचकर भगवान श्री सत्यनारायण की पूजा-अर्चना की तथा कथा श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

### समाधान शिविर के दौरान एसडीएम सुनी शिकायतें

**गुहला-चीका।** एसडीएम मनीष कुमार यादव की अध्यक्षता में वीरवार को एसडीएम कार्यालय में समाधान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्र के विभिन्न गांवो से दर्जनों व्यक्ति अपनी शिकायत व समस्या लेकर पहुंचे। एसडीएम ने सभी शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों के माध्यम से कुछ शिकायतों का मौके पर ही निपटान करवाया। उन्होंने लंबित शिकायतों का जल्द समाधान करने के निर्देश दिए।

### हेरोइन व अफीम बरामदगी मामले में सह आरोपी काबू

**कैथल।** सीआईए कलायत की टीम द्वारा 269 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) तथा 125 ग्राम अफीम बरामदगी मामले में एक सहआरोपी को काबू किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 27 जुलाई को सीआईए कलायत प्रभारी एएसआई मनीष कुमार की अगुवाई में एएसआई नरेंद्र की टीम को गश्त दौरान विश्वसनीय गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि पट्टी अफगान, कैथल निवासी अनिल कुमार हेरोइन (चिट्टा) एवं अफीम बेचने का धंधा करता है। जिसको अम्बाला रोड और खुराना रोड के बीच ड्रेन के साथ बने बाईपास पर नाकाबंदी करके मोटरसाइकिल सहित काबू किया गया था। जिसके कब्जे से 269 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) तथा 125 ग्राम अफीम बरामद हुई थी।

## खंड शिक्षा अधिकारी बिमला सिरोही ने किया प्रतियोगिता का शुभारंभ

# जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला स्तरीय स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत गुरुवार को लड़कियों की एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी बिमला सिरोही, भूतपूर्व जिला शिक्षा अधिकारी शमशेर सिंह सिरोही तथा भूतपूर्व सुपरिंटेंडेंट सुरेश कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने तथा अनुशासन एवं मेहनत से अपने विद्यालय, अभिभावकों और जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के पहले दिन विभिन्न आयु वर्गों में ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाएं आयोजित की गईं, जिनमें छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।



कैथल। एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी बिमला सिरोही, शमशेर सिंह सिरोही।

### आयु वर्ग-14 वर्ष

**100 मीटर दौड़:** सिमरन (एवीएम हरिगढ़ किंगन) प्रथम, नीतू (न्यू टैगोर किठाना) द्वितीय।
**200 मीटर दौड़:** सिमरन कौर (एवीएम हरिगढ़ किंगन) प्रथम, मानवी (आर्यावर्त देवबन) द्वितीय।
**400 मीटर दौड़:** वंशिका (डीएवी चीका) प्रथम, नीतू (न्यू टैगोर किठाना) द्वितीय।
**600 मीटर दौड़:** कुंजन (राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय देवबन) प्रथम, दीक्षा (किठाना) द्वितीय।
**लंबी कूद:** तेजल (गुरुकुल पुंडरी) प्रथम, परमीत (राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय देवबन) द्वितीय।
**ऊंची कूद:** हरप्रीत कौर (चीका) प्रथम, गीतिका (राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डीग) द्वितीय।
**शॉटपुट:** विधि मलिक (डीएवी पुलिस लाइन कैथल) प्रथम, हर्षिता (राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दीवाल) द्वितीय।
**डिस्कस थ्रो:** हर्षिता (राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दीवाल) प्रथम, सहजदीप कौर (जीपीएस कमालपुर) द्वितीय।

### आयु वर्ग-17 वर्ष

**100 मीटर दौड़:** अनामिका प्रथम, हरमन देवी (राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दीवाल) द्वितीय।
**200 मीटर दौड़:** अनामिका प्रथम, हरमन देवी द्वितीय।
**400 मीटर दौड़:** काव्या प्रथम, रमन कौर (एमडीएम) द्वितीय।
**800 मीटर दौड़:** सिमरन (राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चीका) प्रथम, नेहा (राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दीवाल) द्वितीय।
**1500 मीटर दौड़:** काफी (राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रोहेड़ा) प्रथम, गंगा (राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कीठाना) द्वितीय।
**3000 मीटर दौड़:** ज्योति (राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैलरम) प्रथम, नैन्सी (आरोही मॉडल रामगढ़ पांडवा) द्वितीय।
**ऊंची कूद:** कृति (विद्या मंदिर चीका) प्रथम, काजल शर्मा द्वितीय।
**ट्रिपल जंप:** कशिश (राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कसान) प्रथम, अवनी (राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय देवबन) द्वितीय।
**लंबी कूद:** किरण (बीपीपीएचएस भागल) प्रथम, अनु (राजकीय कन्या हाई स्कूल मटोर ) द्वितीय।
शॉटपुट: हनप्रीत (पीएम श्री राजौंद) प्रथम, अशिका (किठाना) द्वितीय।
**डिस्कस थ्रो:** मिलनदीप कौर (डीएवी चीका) प्रथम, मनदीप कौर (जीपीएस खमबेड़ा) द्वितीय।
**हैमर थ्रो:** राधिका (राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय देवबन) प्रथम, खुशी (राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डीग) द्वितीय।
**जैवलिन थ्रो:** आरुषि (राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डीग) प्रथम, अशिका (गुरुकुल कलायत) द्वितीय।
**3000 मीटर वॉक:** शिखा (आदर्श निकेतन चीका) प्रथम, एकता (वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुहना) द्वितीय।

### आयु वर्ग-19 वर्ष

**100 मीटर दौड़:** आंचल (पीएम श्री बाता) प्रथम, काजल (रामगढ़ पंडवा) द्वितीय।
**200 मीटर दौड़:** आंचल (राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाता) प्रथम, सुजान (एस. पिडल) द्वितीय।
**400 मीटर दौड़:** सुखविंदर (राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हरिगढ़ किंगन) प्रथम, कशिश (हरिगढ़ किंगन) द्वितीय।
800 मीटर दौड़: अनु (पीएम श्री बलबेड़ा) प्रथम, माफी (न्यू टैगोर किठाना) द्वितीय।
**1500 मीटर दौड़:** अंजू (शिव वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बढ़सीकरी) प्रथम, कुलविंदर (राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नौच) द्वितीय।
**3000 मीटर दौड़:** अंजू (पीएम श्री बढ़सीकरी) प्रथम, दीपांशी (राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रसीना) द्वितीय।
**ऊंची कूद:** दिलप्रीत कौर (एवीएम हरिगढ़ किंगन) प्रथम, आसना (राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डीग) द्वितीय।
**लंबी कूद:** काजल (आरोही मॉडल रामगढ़ पंडवा) प्रथम, निविया (एमडी सीनियर सेकेंडरी राजौंद) द्वितीय।
**ट्रिपल जंप:** बिंदु (राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कसान) प्रथम, तनु (राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सोगरी) द्वितीय।

प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों में उत्साह देखने को मिला। आयोजकों ने बताया कि आगामी दिनों में भी विभिन्न खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया जाएगा तथा विजेता खिलाड़ी जिला स्तर से आगे राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## जाट वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में एनएसएस इकाई ने चलाया पौधरोपण अभियान



**कैथल।** जाट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक और दो के द्वारा एक दिवीसिय शिविर कापर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'एक पौधा माँ के नाम' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का शुभारंभ जाट शिक्षा समिति के प्रधान राजकुमार बेनीवाल ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेश द्वारा की गई, जबकि पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन NSS कार्यक्रम अधिकारी जसवंत कैंदल, पूनम श्योकद ने किया। कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा 100 पौधे लगाए गए शुभारंभ के अवसर पर जाट शिक्षा समिति के प्रधान राजकुमार बेनीवाल ने सभी को पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया। उनके साथ समिति के उप-प्रधान बलजिंदर बनवाल , रश्मि दुल एवं बलकार नैन, सन्नी चौसला राजपाल गुहना, जसवीर मानस भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी लेने के लिए प्रेरित किया।

प्रधानाचार्य नरेश ने एनएसएस इकाई व विद्यार्थियों के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की और कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए इस तरह के पौधारोपण अभियान समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे।

## पूर्व सीएम मायावती पर अभद्र टिप्पणी करने वाले पर कानूनी कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। एसपी को ज्ञापन सौपने पहुंचे बसपा नेता व कार्यकर्ता।

बहुजन समाज पार्टी कैथल ने फेसबुक पर पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्षा एवं पूर्व मुख्यमंत्री बहन कुमारी मायावती के विरुद्ध आपत्तिजनक एवं अभद्र टिप्पणी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की ।

पार्टी पदाधिकारियों द्वारा दिए गए लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध जिला पुलिस कप्तान मनप्रीत सिंह सूदन ने कानूनी सख्त कार्यवाही करने के आदेश दिए हैं। बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश में आज प्रदेश महासचिव डॉक्टर मनोज ग्रोवर ने कहा कि बहन जी हमारे करोड़ों कार्यकर्ताओं की नेता हैं एवं देश के करोड़ों मुजलिमों की आवाज है। सोशल मीडिया पर इस तरह की अभद्र टिप्पणी करना दलित, शोषित और पिछड़े समाज के सम्मान पर हमला है। इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा, /"प्रशासन ने तुरंत संज्ञान लेकर एफआईआर दर्ज की है। हम मांग करते हैं कि दोषी को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए ताकि भविष्य में कोई भी इस तरह की हिमाकत न करे।/" बसपा कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि आरोपी पर कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी जिला स्तर पर बड़ा विरोध प्रदर्शन करेगी।

## ब्राइट ओपन माइंड इंटरनेशनल स्कूल के पहलवानों ने जीते स्वर्ण पदक

**राजौंद।** शहर के असंध रोड स्थित ब्राइट ओपन माइंड इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी वर्गों में स्वर्ण पदक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस शानदार उपलब्धि के साथ सभी खिलाड़ी अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई हो गए हैं।प्रतियोगिता में अंडर-17 वर्ग में शुभम डांगी 51 किलोग्राम, प्रतीक 48 किलोग्राम, जैशन 55 किलोग्राम, अभय नायडू 110 किलोग्राम, मोहित 55 किलोग्राम और विशाल (5 किलोग्राम ने स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। वहीं अंडर-19 वर्ग में सौरव 55 किलोग्राम, वरुण 79 किलोग्राम और रक्षित 70 किलोग्राम ने भी प्रथम स्थान हासिल किया।बालिका वर्ग में दीपांशी अंडर-14, 50 किलोग्राम) और वंशिका अंडर-17, 43 किलोग्राम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किए। इसके अलावा सूर्यांश खटकड़ ने अंडर-14 तैराकी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धियों में चार चांद लगाए।विद्यालय के प्रिंसिपल शीशपाल ने इस उपलब्धि पर सभी खिलाड़ियों एवं कोच को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता खिलाड़ियों की मेहनत और अनुशासन का परिणाम है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।



स्वर्ण पदक जीतने के बाद खुशी जताते ब्राइट ओपन माइंड इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ी एवं स्टाफ।

## जिला फुटबॉल प्रतियोगिता में जड़ौला विद्यालय की टीम बनी चैंपियन



**ढांड।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जड़ौला की फुटबॉल टीम ने जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में अनुशासित खेल, उत्कृष्ट तालमेल और बेहतरीन खेल भावना का परिचय देते हुए यह उपलब्धि अपने नाम की। टीम की इस सफलता से विद्यालय परिवार, अभिभावकों और ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। विद्यालय के प्राचार्य देवराज ने खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, नियमित अभ्यास और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी समान महत्व दिया जाता है, जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके। उन्होंने विश्वास जताया कि विद्यालय के खिलाड़ी भविष्य में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएंगे। इस अवसर पर कोच रवि, कर्म सिंह, मुनीश मेहला तथा परवीन नम्बरदार ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें भविष्य में भी इसी समर्पण के साथ खेलते रहने के लिए प्रेरित किया।

**दिशा-निर्देश** सफाई कर्मचारियों के नियमानुसार वेतन न देने पर की जाएगी जांच

# सफाई कर्मचारियों को स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का ध्यान रखना प्रशासन और संबंधित विभागों की प्राथमिक जिम्मेदारी : संजीव घारू

- लापरवाही पाए जाने पर संबंधित एजेंसी को किया जाएगा ब्लैक लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य एवं अधिवक्ता संजीव घारू डंपिंग यार्ड का निरीक्षण करते हुए।

हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य एवं अधिवक्ता संजीव घारू ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में अंत्योदय की नीति पर चलते हुए हर वर्ग तक सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा और स्वच्छता को लेकर आयोग पूरी निगरानी बनाए हुए हैं। जहां भी कोई शिकायत आती है, उसकी जांच की जाती है और संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाती है। सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का ध्यान रखना प्रशासन और संबंधित विभागों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। कैथल में सफाई कर्मचारियों की वेतन संबंधित शिकायत को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए है कि इसकी जांच की जाए और यदि संबंधित एजेंसी की कोई लापरवाही पाई जाती है तो उस एजेंसी को ब्लैक लिस्ट किया जाए। हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य एवं अधिवक्ता संजीव घारू व सदस्य रेखा रानी ने वीरवार को कैथल का दौरा किया। उन्होंने सबसे पहले डंपिंग यार्ड की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सफाई कर्मचारियों को आवश्यक सुरक्षा उपकरण एवं अन्य सुविधाएं व्यवस्थित रूप से उपलब्ध न मिलने पर आयोग के सदस्यों ने संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिस अधिकारी व कर्मचारी को जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन पूरी जिम्मेदारी एवं नियमित निगरानी के साथ किया जाना चाहिए। आयोग के सदस्यों ने सफाई कर्मचारी अमन, सूरजभान, वेद प्रकाश, गंगाराम, संतरो, प्रमोद तथा बलिंद्र से बातचीत कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली।

## न्यूज डायरी

### 5 पुलिस कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**कैथल।** पुलिस विभाग से रिटायर्ड होने वाले 5 कर्मचारियों को पुलिस लाइन में आयोजित विदाई समारोह के दौरान एसपी मनप्रीत सिंह सूदन, डीएसपी बीर भान तथा डीएसपी सुशील प्रकाश द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए भावभीनी विदाई दी गई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि रिटायरमेंट होने वाले कर्मचारियों में इंस्पेक्टर रामकुमार, इंस्पेक्टर ईश्वर, एसआई बलकार सिंह, एसआई सुशील कुमार, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हरपाल सिंह शामिल है। इस दौरान एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि पुलिस विभाग में नौकरी दौरान समय-समय पर विषम परिस्थितियां आती रहती है, जिनसे निपटते हुए विभाग को लंबी सेवा देने उपरांत सकुशल सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी बधाई के पात्र है। पुलिस अफसर सदैव ड्यूटी पर होता है वह कभी भी रिटायर नहीं होता जो कि उसने ट्रेनिंग के दौरान पुलिस विभाग से शिक्षा प्राप्त की है वह सदा उसके साथ रहती हैं इसलिए उन्होंने कहा कि सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी खुद को रिटायर्ड न समझ कर समाज सेवा के कार्यो में लिप्त रह कर अपने परिवार को ज्यादा से ज्यादा समय दें।

### 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत रोपे पौधे

**राजौंद।** उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा के निर्देशानुसार राजकीय महाविद्यालय राजौंद व राजकीय कन्या महाविद्यालय सेरधा के संयुक्त तत्वावधान में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भूमि अभाव के चलते कार्यक्रम सेरधा कॉलेज परिसर में किया गया।कार्यक्रम का नेतृत्व प्राचार्य एवं जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी डॉ. मनोज कुमार भाम्भू ने किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाना जरूरी है और उनकी देखभाल भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। कॉलेज इंचार्ज राम मेहर सिंह ने विद्यार्थियों को हर व्यक्ति द्वारा कम से कम एक पौधा लगाने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया।

### पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**राजौंद।** सरकार के निर्देशानुसार नगर पालिका राजौंद द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत शहर की सीमा में व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया गया। इस अभियान के अंतर्गत वार्ड नंबर 05 खुर्जा बस्ती में 50 पौधे लगाए गए। इस मौके पर सीएफसी सेंटर व सरकारी स्कूल परिसर में वार्ड कमेटी सदस्य और स्कूल स्टाफ की उपस्थिति रही।इसके अलावा वार्ड नंबर 13 स्थित ओपन जिम, वार्ड नंबर 04 पार्क, वार्ड नंबर 03 कम्युनिटी सेंटर तथा श्मशान घाट में भी संयुक्त रूप से पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर कनिष्ठ अभियंता अश्वनी कुमार, कोऑर्डिनेटर प्रदीप कुमार, मोटिवेटर कुसुम देवी व कुलविंद्र सहित नगर पालिका के सफाई कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### औषधीय,फलदार और छायादार पौधे रोपे

**ढांड।** बाबू अनन्त राम जनता कॉलेज, कौल की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में भव्य पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष तेजवीर सिंह की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन तथा प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों, प्राध्यापकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने कहा कि वृक्ष केवल प्रकृति की अमूल्य धरोहर ही नहीं, बल्कि मानव जीवन, स्वच्छ पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के आधार हैं।

### गौरव पब्लिक स्कूल जिला स्तर पर शानदार प्रदर्शन

**राजौंद।** गौरव पब्लिक स्कूल, रोहेड़ा के छात्र-छात्राओं ने जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय, गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। कुश्ती लड़को की में 51 किलोग्राम भार वर्ग में अरुण ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, 60 किलोग्राम भार वर्ग में मयंक ने द्वितीय स्थान हासिल किया। लड़कियों की कुस्ती में 36 किलोग्राम भार वर्ग में नेहा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया,30 किलोग्राम भार वर्ग में शिवानी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, 42 किलोग्राम भार वर्ग में तन्नु ने द्वितीय स्थान हासिल किया। तीरंदाजी में आदित्य ने जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। शतरंज प्रतियोगिता में यश ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य दर्शन सिंह मौण ने सभी विजेता खिलाड़ियों, कोच सुशील कुमार,स्टाफ सदस्यों, अभिभावकों और विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### एसडीएम मनीष कुमार ने किया पौधरोपण

**गुहला-चीका।** एसडीएम मनीष कुमार यादव ने वीरवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चीका के प्रांगण में हरियाणा वन महोत्सव के तहत एक पेड़ माँ के नाम योजना के अंतर्गत पौधारोपण किया। उन्होंने बच्चों से अपील करते हुए कहा कि स्कूल प्रांगण में साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने में सहयोग करें। पेड़-पौधों को नुकसान न पहुंचाएं। एसडीएम ने आगे कहा कि पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं। उन्होंने कहा कि हमें स्वच्छ हवा, शुद्ध वातावरण और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि केवल पौधा लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसकी नियमित देखभाल और संरक्षण भी हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी नरेंद्र दीक्षित, लेखाकार गेजा राम, सहायक जोगिंद्र सिंह, प्रकाश, मदन शर्मा, सफाई दरोगा हिशम सिंह आदि मौजूद रहे।

### मैथ ओलंपियाड कोचिंग प्रवेश परीक्षा संपन्न

**कैथल।** जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग की पहल पर इंटरनेशनल मैथ ओलंपियाड कोचिंग कार्यक्रम के अंतर्गत प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। डीसी अपराजिता के मार्गदर्शन तथा जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार की विशेष पहल से आयोजित इस परीक्षा में जिले के छहों खंडों से कुल 1409 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार ने कहा कि जिले के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना शिक्षा विभाग की प्राथमिकता है। कोचिंग कार्यक्रम विद्यार्थियों में गणितीय दक्षता, तार्किक चिंतन तथा समस्या समाधान कौशल विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा में ब्लॉक कलायत से 296, सीवन से 272, पूंडरी से 234, कैथल से 231, गुहला से 208 तथा राजौंद से 168 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी छत्तर पाल ने बताया कि जिले के सभी खंडों में परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

### बेटी के जन्म पर सौगल में कुआं पूजन

**राजौंद।** खंड के गांव सौगल की तार पट्टी स्थित शिव मंदिर के पास एक परिवार द्वारा बेटी के जन्मदिवस के अवसर पर पारंपरिक कुआं पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरे मोहल्ले में खुशी का माहौल देखने को मिला और महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ उत्सव मनाया। जानकारी देते हुए सुप्रिया, पत्नी रितिक ने बताया कि उनके घर दूसरी पुत्री का जन्म हुआ है, जिसकी खुशी में उन्होंने यह जलवा पूजन कार्यक्रम आयोजित किया। उन्होंने कहा कि बेटियां घर की लक्ष्मी होती हैं और उनके जन्म पर इस तरह के कार्यक्रम समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाए।

### चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय में रोपे पौधे

**पूंडरी।** यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आह्वान पर चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय फतेहपुर-पूंडरी में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान एवं पूर्व विधायक तेजवीर सिंह ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण, हरित भविष्य और मातृ सम्मान का संदेश दिया। इस दौरान परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए तथा उनके संरक्षण का संकल्प भी लिया गया। तेजवीर सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ता प्रदूषण और लगातार घटती हरियाली पूरी मानवता के लिए चिंता का विषय है।

### एनएसओ के सर्वेक्षण में नागरिक करें सहयोग

**कैथल।** सहायक निदेशक प्रियांशु कुमार ने बताया कि सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय का क्षेत्र संकार्य प्रभाग (एफओडी) वर्ष 1950 से देशभर में परिवारों एवं प्रतिष्ठानों से विभिन्न सामाजिक-आर्थिक सूचनाएं एकत्र करने का कार्य कर रहा है।

GOVT. SR. SEC. SCHOOL TEEK (KAITHAL)
सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रा.व.मा. वि. टीक (कैथल) में विभाग द्वारा नकारा घोषित एक कमरे की बोली दिनांक 05.08.2026 को की जानी है। इच्छुक बोलीदाता उपरोक्त तिथि को सुबह 10.00 बजे पहुंचकर बोली में भाग ले सकते हैं। नियम व शर्तें मौके पर बताई जाएंगी।
President S.M.C. G.S.S.S. Teek (Ktl)
Sd/- Principal Govt. Se. Sec. School Teek (Kaithal) Mob. 9896060883

## 77वें वन महोत्सव पर गांव पाई में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम

# प्रकृति के प्रति आस्था व आने वाली पीढ़ियों के प्रति दायित्व याद करने का पर्व है वन महोत्सव

### करनाल में हुए राज्य स्तरीय वन महोत्सव का सीधा प्रसारण दिखाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। हरियाणा के खाद्य मंत्री राजेश नागर पाई में पोधारोपित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

77वें वन महोत्सव के अवसर पर गांव पाई में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि पूंडरी के विधायक सतपाल जांबा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा पौधा रोपित करके किया गया।

इस दौरान करनाल में आयोजित राज्य स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया, जिसमें मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेशवासियों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में मंत्री राजेश नागर ने कहा कि यह केवल पौधारोपण का अवसर नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति आस्था, पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता और आने वाली पीढ़ियों के प्रति अपने दायित्व को स्मरण करने का पर्व है। स्वस्थ, समृद्ध और सुरक्षित भविष्य के लिए प्रकृति के साथ संतुलित संबंध स्थापित करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1950 में देश में वन महोत्सव की शुरुआत हुई थी और आज यह पर्यावरण संरक्षण का जन-आंदोलन बन चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान मातृत्व और प्रकृति के प्रति सम्मान का प्रतीक है तथा हरियाणा में इसे व्यापक जनसमर्थन प्राप्त हुआ है।

#### पौधरोपण हमारी नैतिक जिम्मेदारी

पूंडरी विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि एक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा, शुद्ध जल और सुरक्षित पर्यावरण की सबसे बड़ी सौगात है। पौधारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी है।

#### बुजुर्ग को किया सम्मानित

इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण की अलख जगाने वाले तथा पिछले कई सालों से पौधारोपण करने वाले गांव किच्छाना निवासी बुजुर्ग राजपाल को मंत्री राजेश नागर द्वारा एक लाख रुपये और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण विषय पर निबंध एवं अन्य प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूंडरी विधायक सतपाल जांबा, डीसी अपराजिता, पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर, जिला परिषद के चेयरमैन कर्मवीर कौल, लेबरफेड के चेयरमैन देवेंद्र पांचाल, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश, निधि मोहन, डीएफओ भूपेंद्र राघव, बीडीपीओ राज सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, विद्यार्थी तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।

#### पौधरोपण अत्यंत आवश्यक

मंत्री ने कहा कि आज पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन, बढ़ते तापमान, वायु प्रदूषण, जल संकट जैसी गंभीर चुनौतियों से निपटने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि वर्तमान मानसून सीजन में प्रदेशभर में 1.40 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अभियान में वन विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों तथा आमजन की भी भागीदारी रहेगी।


कैथल। अखिल भारतीय साहित्य परिषद के पदाधिकारी श्याम सुंदर शर्मा गौड़ को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## श्याम सुंदर शर्मा को मिला महर्षि वेदव्यास सम्मान-2026

### दो लघुकविता संग्रहों का हुआ लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

अखिल भारतीय साहित्य परिषद् की जिला इकाई कैथल की ओर से महर्षि वेदव्यास जयंती पर जवाहर पार्क स्थित सेवा संघ भवन में गुरु-वंदन, सम्मान समारोह, पुस्तक लोकार्पण एवं कवि सम्मेलन आयोजित किया। कार्यक्रम में 86 साल के साहित्यकार, संगीत विशारद एवं शिक्षक श्याम सुंदर शर्मा गौड़ को महर्षि वेदव्यास सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सेवा संघ के महासचिव अशोक भारती रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्यकार डॉ. प्रद्युम्न भल्ला ने की। संचालन डॉ. तेजिंद्र और सतबीर सिंह जागलान ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत परिषद गीत और गुरु वंदना से हुई। सम्मान समारोह में श्याम सुंदर शर्मा गौड़ को शॉल ओढ़ाकर, सम्मान पत्र, स्मृति चिह्न और 1100 रुपये की सम्मान राशि भेंट की गई। बाबू बालमुकुंद गुप्त साहित्य सम्मान-2021 प्राप्त करने पर डॉ. प्रद्युम्न भल्ला को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. तेजिंद्र के तीसरे लघुकविता संग्रह एवं 11वीं पुस्तक कितना सुंदर है तिरंगा व डॉ. प्रद्युम्न भल्ला के 5वें लघु कविता संग्रह एवं 28वीं पुस्तक पानी पर खींची लकीर का लोकार्पण किया गया। मुख्य अतिथि अशोक भारती ने कहा कि गुरु वेदव्यास जयंती पर इस प्रकार का आयोजन भारतीय ज्ञान परंपरा को सशक्त बनाने का सराहनीय प्रयास है।

#### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में रिसाल जांगड़ा, रामफल गौड़, ममता अग्रवाल, रामकुमार गोलन, प्रो. अनिल सौदा, राजेश भारती, पूनम मेहता, सुरेश कुमार कल्याण और रविंद्र शर्मा आदि मौजूद थे।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने किया विद्यालय का निरीक्षण



नरवाना। जिला शिक्षा अधिकारी जींद मुन्नी देवी ने राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बेलरखा का औचक निरीक्षण किया। अध्यापक प्रदीप जागलान ने बताया कि विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य बलजीत गोयत एवं विद्यालय स्टाफ ने जिला शिक्षा अधिकारी का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य बलजीत गोयत ने विद्यालय की उपलब्धियों, संचालित नवाचारों तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यालय को और अधिक उत्कृष्ट बनाने की दिशा में किए जा रहे कार्यों से भी अवगत कराया। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं, विज्ञान प्रयोगशालाओं तथा अन्य शैक्षणिक व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी शैक्षणिक प्रगति, विषय ज्ञान एवं सीखने के स्तर की जानकारी प्राप्त की।

## उच्चतर शिक्षा विभाग ने प्रवेश कार्यक्रम में फिर से किया बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

स्नातक दाखिलों के लिए चल रहे मिशन एडमिशन के बीच उच्चतर शिक्षा विभाग ने प्रवेश कार्यक्रम में फिर बदलाव किया है। पहली मेरिट सूची में चयनित विद्यार्थियों को अब 4 अगस्त तक फीस जमा करने का मौका दिया गया है, जबकि दूसरी मेरिट सूची 6 अगस्त को जारी होगी। संशोधित कार्यक्रम से पहली सूची से बाहर रह गए विद्यार्थियों को दाखिले का एक और अवसर मिलेगा। वहीं, आरकेएसडी कॉलेज कैथल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक प्रथम सेमेस्टर की प्रवेश प्रक्रिया जारी है। गुरुवार दोपहर सवा 2 बजे तक कॉलेज के प्रातकालीन और सायंकालीन सत्रों में 775 विद्यार्थियों ने दाखिला लिया है। इनमें 638 विद्यार्थी प्रातकालीन व 137 विद्यार्थी सायंकालीन सत्र के हैं। प्रातःकालीन सत्र में सबसे अधिक 217 विद्यार्थियों ने बीए एडेड, 108 ने बीकॉम एडेड, 49 ने बीएससी फिजिकल साइंस एडेड, 48 ने बीसीए और 34 ने बीबीए में प्रवेश लिया है। सायंकालीन सत्र में बीए में 70 और बीकॉम में 67 विद्यार्थियों ने दाखिला कराया है। कॉलेज प्रधान अश्वनी शोरेवाला ने कहा कि विभिन्न पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों का अच्छा रुझान देखने को मिल रहा है। वहीं प्राचार्य डॉ. गगन मित्तल ने बताया कि प्रथम मेरिट सूची में चयनित विद्यार्थियों के लिए फीस जमा करने की अंतिम तिथि 4 अगस्त है। उन्होंने विद्यार्थियों से समय रहते प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने की अपील की।

## डीएसआर विधि से कम पानी में अधिक उत्पादन का दिया संदेश

राजौंद। गांव रोहेड़ा में फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गनाइजेशन तथा खेती विरासत मिशन के संयुक्त सहयोग से किसानों के लिए फील्ड स्कूल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला कॉर्डिनेटर सुभाष वशिष्ठ ने किसानों को धान की डीएसआर विधि के बारे में जानकारी दी। बताया कि डीएसआर तकनीक से किसानों को कई लाभ मिलते हैं, जिनमें पानी की बचत, लागत में कमी और उत्पादन में वृद्धि प्रमुख हैं। यह विधि भूमि की उर्वरता बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक है। उन्होंने किसानों को आधुनिक तकनीकों के साथ सतत खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के दौरान प्राकृतिक खेती, एग्रोफॉरेस्ट्री और अन्य प्रगतिशील कृषि पद्धतियों पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि इस तरह की पहल का मुख्य उद्देश्य छोटे और सीमांत किसानों की आय बढ़ाना, उत्पादन क्षमता को सशक्त करना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरणीय संतुलन स्थापित करना है।

## खेल प्रतिभाओं को मिलेगा पूरा सहयोग: कुलदीप रंधावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



खेलों से बनेगा मजबूत हरियाणा, खिलाडियों से बनेगा सशक्त भारत। इसी संकल्प को आगे बढ़ाते हुए जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप रंधावा ने वीरवार को गांव निडाना में आयोजित डिस्ट्रिक्ट लेवल रेसलिंग ट्रायल में पहुंच कर उभरते हुए पहलवानों एवं युवा खिलाडिय़ों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर कुलदीप रंधावा ने खिलाडिय़ों से मुलाकात कर उनके अभ्यास, सुविधाओं एवं भविष्य की तैयारियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने खिलाडिय़ों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उन्हें उचित अवसर और बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने की है। उन्होंने कहा कि युवा खिलाडिय़ों के सपनों को नई उड़ान देना और खेल प्रतिभाओं को हरसंभव सहयोग प्रदान करना हमारा संकल्प है। खिलाडिय़ों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निडाना के अखाड़े में जिम का आवश्यक सामानए इन्वर्टर, बैटरी एवं वाटर कूलर भेंट किए गएए ताकि अभ्यास के दौरान खिलाड़ियों को असुविधा का सामना न करना पड़े।

## अपनी रचनाओं से गुरु की महत्ता का किया गुणगान



जींद। राष्ट्रीय कवि संगम के बैनर तले गुरु पूर्णिमा की पावन संध्या पर ऑनलाइन काव्योत्सव मनाया गया। प्रांतीय अध्यक्ष अरुण कुमार गोयल की अध्यक्षता में संपन्न इस सम्मेलन में हरियाणा और दिल्ली के कवियों ने शिरकत की तथा गुरु के प्रति अपने श्रद्धासुमन गीतों और कविताओं के माध्यम से व्यक्त किए। सूत्रधार की भूमिका शकुन्तला काजल शकुन ने निभाई और तकनीकी सहयोग राष्ट्रीय कवि संगम के प्रांतीय महामंत्री विकास यशकीर्ति का रहा। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत फतेहाबाद से जुड़ी कवयित्री सुमन लता सुमन की छंदबद्ध सरस्वती वंदना देना मैया हमको इतना ज्ञान, तज नादानी काम करें धर ध्यान से हुई। इसमें दिल्ली से जुड़ी कवयित्री रजनीश गोयल ने कहा कि मां पर सब ने बहुत लिखा है, लिखा पिता पर बहुत ही कम। माँ तो दिल की कह लेती है, पिता छुपा भीतर ही गम। कुरुक्षेत्र से सूबे सिंह सुजान गाते हैं कि तुझे पूरा ज्ञान नहीं हुआ, अभी तू अज्ञानी सुजान, कभी गुरु का ध्यान लगाइए, हां मगर घमंड उतार कर। मास्टर कर्मजीत ईक्कस ने गाया कि गुरु चरणन की रज सिर धारी। शीश नवाऊं नित महतारी।

## रोड भवनों का हो रहा आधुनिकीकरण: बलकार

पूंडरी । अखिल भारतीय रोड महासभा के रोड भवनों के सौंदर्यीकरण, आधुनिकीकरण एवं नवीनीकरण अभियान को उस समय नई मजबूती मिली, जब गांव पलवल केरणबीर सिंह ने 1 लाख 11 हजार की सहयोग राशि प्रधान चौ. बलकार पूंडरी को भेंट की। समाजहित में किए गए इस योगदान की उपस्थित लोगों ने सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायी पहल बताया। इस अवसर पर अखिल भारतीय रोड महासभा के प्रधान सेवक बलकार सिंह पूंडरी ने चौ. रणबीर सिंह का स्वागत करते हुए कहा कि समाज के उदार और सेवाभावी लोगों के सहयोग से रोड समाज के भवनों को आधुनिक एवं भव्य स्वरूप देने का संकल्प लगातार साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे दानवीरों का सहयोग समाज के विकास की मजबूत नींव है।

## राज्य मंत्री राजेश नागर ने किया निर्माण कार्य का शिलान्यास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गुर्जर भवन के 13 वें स्थापना दिवस के अवसर पर समाज की ओर से गुर्जर धर्मशाला में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा सरकार के राज्य मंत्री राजेश नागर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और अपने कोष से 21 लाख रुपये धर्मशाला में निर्माण कार्य के लिए देने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने नगर परिषद की ओर 21 लाख रुपये की लागत से किए जाने वाले निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया। समारोह में पहुंचने पर भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी व समाज के प्रतिनिधियों ने मंत्री राजेश नागर का स्वागत किया। मंत्री राजेश नागर ने कहा कि इस भवन के निर्माण से समाज के लोगों को सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेंगी तथा गुर्जर भवन की गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने समाज द्वारा बनाई गई धर्मशाला के इंफ्रास्ट्रक्चर की सराहना की और कहा कि यह सबसे अच्छे भवनों में से एक है। मंत्री ने समाज के लोगों का आह्वान किया कि वे अपने बच्चों की पढ़ाई पर जोर दें। शिक्षा के साथ ही विकास हो सकता है।

## हेल्थ एंड वेलनेस क्लब ने लगाया शिविर विद्यार्थियों की आंखों का हुआ चेकअप

पूंडरी। डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी के हैल्थ एंड वेलनेस क्लब की ओर से विद्यार्थियों के स्वास्थ्य संरक्षण के उद्देश्य से एक दिवसीय नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार ने किया। शिविर में कक्षा छठी एवं आठवीं के विद्यार्थियों की आंखों की विस्तृत जांच की गई। शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डॉ. दीपांशु शर्मा और डॉ. सुदीप ने बच्चों की आंखों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। उन्होंने बताया कि आंखें शरीर का सबसे महत्वपूर्ण अंग हैं, इसलिए समय-समय पर उनकी जांच कराना बेहद जरूरी है। धूल-मिट्टी, धुएं और प्रदूषण से आंखों की सुरक्षा करनी चाहिए तथा तेज धूप में बाहर निकलते समय गुणवत्तापूर्ण धूप के चश्मे का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने बच्चों को मोबाइल और अन्य डिजिटल उपकरणों का सीमित उपयोग करने तथा संतुलित आहार अपनाने की भी सलाह दी। प्राचार्य सुशील कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी आवश्यक है। उन्होंने चिकित्सकों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय की ओर से उन्हें 'सत्यार्थ प्रकाश' भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर गीतू, आशीष कुमार, ममता खुराना, आशा रानी और वेद प्रकाश सहित विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।



## टीबी मरीजों को आभा आईडी व फेस रिकग्निशन से ही मिलेगा इलाज भत्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



प्रदेशभर में टीबी के मरीजों को उपचार के दौरान मिलने वाले वित्तीय सहायता के भुगतान का तरीका बदल गया है। अब भुगतान तभी संभव होगा जब मरीज की आभा आईडी होगी और फेस रिकग्निशन सिस्टम से उसकी पहचान सत्यापित होगी। टीबी मरीजों को उपचार के दौरान छह हजार रुपये मिलते हैं। तीन हजार रुपये की पहली किश्त उपचार शुरू होते ही मिलता है और उसके बाद तीन हजार रुपये दूसरी किश्त के तौर पर मिलते हैं। जींद जिला में इस समय 1788 मरीज टीबी के उपचाराधीन हैं। सभी टीबी मरीजों को आभा आईडी बनवाने के लिए कहा गया है ताकि उन्हें मिलने वाली वित्तीय सहायता में किसी तरह की कोई कमी न आए।

#### पंचकूला से आई टीम ने दी ट्रेनिंग

टीबी मरीजों को पहले भुगतान का तरीका अलग था। पहले उनके बैंक अकाउंट में राशि आती थी लेकिन अब हर पात्र मरीज के लिए आभा आईडी अनिवार्य कर दी गई है। इसी व्यवस्था को लागू करने के लिए पंचकुला से ट्रेनर टीम आई अस्पताल पहुंची थी। टीम ने संबंधित स्टाफ को फेस रिकग्निशन आधारित भुगतान प्रक्रिया की ट्रेनिंग दी। फेस रिकग्निशन से भुगतान व्यवस्था पारदर्शी बनेगी और सही लाभार्थी तक सहायता पहुंचेगी।

## पीजी कोर्स में सात तक ऑनलाइन आवेदन

जींद। पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स में विद्यार्थी सात अगस्त तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार विद्यार्थी ओटीपी के आधार पर दस्तावेजों में बदलाव कर सकते हैं। वहीं कालेजों की दाखिला कमेटी द्वारा दस्तावेजों का सत्यापन का कार्य नौ अगस्त तक होगा। जिलेभर के छह राजकीय व निजी कालेजों में पीजी कोर्स में लगभग एक हजार सीट हैं। दस्तावेजों के सत्यापन के बाद 10 अगस्त को पहली प्रोविजनल और 11 अगस्त को फाइनल मेरिट लिस्ट जारी होगी। पहली मेरिट सूची में स्थान पाने वाले विद्यार्थी 12 अगस्त से लेकर 14 अगस्त तक फीस जमा करवा सकते हैं। इसके बाद खाली सीट रहने पर 15 अगस्त से फिजिकल काउंसिलिंग के तहत दाखिला प्रक्रिया चलेगी।

## खंड स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई लोकतांत्रिक सोच

गुहला-चीका। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, हरिगढ़ किंगन में गुरुवार को खंड स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के लगभग 40 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर संसदीय कार्यवाही का प्रभावी मंचन किया। विद्यालय प्रभारी डॉ. वीरमती सीडा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र की गहरी समझ प्रत्येक विद्यार्थी के लिए आवश्यक है। कार्यक्रम के निर्णायक अनिल कुमार चहल ने प्रतिभागी विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि संसदीय प्रणाली की जानकारी विद्यार्थियों को जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करती है। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी एवं अर्थशास्त्र प्राध्यापिका सरोज बाला ने कहा कि युवा संसद के माध्यम से विद्यार्थियों ने पेपर लीक, नशा, महंगाई, स्वास्थ्य और साइबर अपराध जैसे समसामयिक विषयों पर प्रभावी ढंग से अपने विचार रखे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

कवायद | परिवेदना समिति की बैठक में रखी गई कुल 13 शिकायतों में से सात का मौके पर निपटारा

# लोगों को चक्कर न लगाने पड़ें, यह विभाग की जिम्मेदारी

### शिकायतों का तय समय में समाधान का डीसी ने दिया निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीसी डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरितए पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समिति की बैठक में आने वाले प्रत्येक परिवाद का गंभीरता से अध्ययन करें और निर्धारित समय सीमा में उनका समाधान सुनिश्चित करें। यह सभी विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है कि किसी भी नागरिक को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

डीसी ने यह निर्देश वीरवार को डीआरडीए सभागार में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित परिवादों पर विस्तार से सुनवाई करते हुए दिये। परिवेदना समिति की बैठक में कुल 13 शिकायतें समाधान के लिए रखी। जिसमें से सात शिकायतों/ समस्याओं का मौके पर ही निपटान किया गया। शेष शिकायत पर संबंधित विभागों को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। डीसी डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि जनहित से जुड़े मामलों को सभी अधिकारी गंभीरता से लें और शिकायतों के समाधान में संवेदनशीलताए पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करें । इससे आम नागरिकों का प्रशासन पर विश्वास और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समिति की अगली बैठक से पूर्व लंबित मामलों की प्रगति रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करें तथा जिन मामलों में विभागीय स्तर पर समाधान संभव है। उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निपटाकर आमजन को राहत प्रदान करें।



जींद। बैठक में शिकायतें सुनतीं डीसी डॉ. वैशाली शर्मा। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर एडीसी प्रदीप कुमार, डीएमसी अनिल दून, एसडीएम जुलाना होशियार सिंह, सफीदों के एसडीएम पुलकित मल्होत्रा, नरवाना के एसडीएम जगदीश चंद्र, सीटीएम मोनिका रानी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

#### यह रहीं शिकायतें

परिवेदना समिति में किनाना गांव के रामफल शर्मा द्वारा नेशनल हाईवे पर पर्याप्त मात्रा में लाइट लगवाने, ड्रेन दुरुस्त करनेए सडक पर गड्ढे ठीक करने, हाईवे पर सफेद पट्टी लगाने जैसी समस्याएं रखी। जिस पर कार्यवाही करते हुए डीसी ने नेशनल हाईवे के अधिकारियों को एक सप्ताह में पेच वर्क करने व शिकायतों की जांच करने के लिए एडीसी को मुआयना कर वस्तु स्थिति जानने के लिए कहा। इसी प्रकार मालसरी खेडा गांव के राममेहर द्वारा गांव के अन्य व्यक्ति द्वारा उसकी जमीन पर कब्जा करने की शिकायत रखी गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए डीसी ने एसडीएम सफीदों के साथ समिति के गैर सरकारी सदस्यों को दोबारा जांच करने के लिए कहा। गांव बीबीपुर के पवन कुमार ने शिकायत रखी कि उनके बीपीएल परिवारों के आवंटित प्लाटों से बिजली विभाग की पावर की लाइन गुजर रही है। इस पर संज्ञान लेते हुए डीसी ने विभागीय अधिकारियों को प्रपोजल बनाकर मुख्यालय भिजवाने के लिए कहा। नरवाना के गजे सिंह ने शिकायत रखी कि हाउसिंग बोर्ड कालोनी में मेरी दुकान के साथ लगती दुकान खाली है और वहां गंदगी का ढेर है।